# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा में 'पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला' विराट युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नौजवानों को विकसित भारत का संकल्प दिया है।

**विकसित भारत का यह संकल्प जिसमें विरासत का सम्मान होगा, गुलामी के चिन्हों को समाप्त करेंगे, एकता और एकात्मता के लिए कार्य करेंगे, सेना, अर्धसेना और यूनिफार्म धारक अपने जवानों का सम्मान करेंगे। सामाजिक समतामूलक समाज के निर्माण के लिए हम सब मिल कर के कार्य करेंगे।**

मुख्यमंत्री ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है उसके पीछे उनकी ही जीवन दृष्टि है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री आज ग्रेटर नोएडा भी पहुंचे। उन्होंने वहां प्रस्तावित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा की। हमारे गौतम बुद्ध नगर प्रतिनिधि ने बताया कि इस आयोजन के उद्घाटन में पचीस सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की भी संभावना है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य कर संरचना को आसान बनाना और आम लोगों पर वित्तीय बोझ कम करना है। ऑटो मोबाइल उद्योग में हुए सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने 350 सीसी तक के दो पहिया वाहनों पर जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है। जीएसटी में इस कटौती से निम्न तथा मध्यम वर्गीय परिवारों, युवा पेशेवरों और गिग वर्कर्स को राहत मिलेगी जो दैनिक जरूरतों के लिए किफायती परिवहन पर निर्भर हैं। वहीं छोटी कारों पर भी जीएसटी घटकर 18 प्रतिशत हो गई है जो पहले 28 प्रतिशत के स्लैब में हुआ करती थी। इस कदम से मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए कार्य और अधिक किफायती होने की उम्मीद है, साथ ही ऑटो सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा । नई जीएसटी दरें सोमवार से लागू होंगी। शिवांग के साथ दिलनशीं आरजू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला 'सेवा पर्व' में महिला सशक्तिकरण के लिये मोदी सरकार के प्रयासों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पिछले ग्यारह वर्षों में सरकार ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और कानूनी क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए व्यापक नीतिगत सुधार किए हैं। पिछले वर्ष दिसंबर में हरियाणा में बीमा सखी योजना की शुरूआत करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वर्तमान समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात वर्ष 2014–15 के आंकड़े, 918 से बढकर वर्ष 2023–24 में 930 हो गया है। जनवरी 2015 में शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना समूचे देश में लाखों युवा लड़कियों के लिए आशा और सशक्तिकरण की एक किरण है। सरकार, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थायी तौर पर न्यूनतम एक लाख रूपए प्रति वर्ष की आय अर्जित करने के लिए लखपति दीदी पहल भी लागू कर रही है। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म 'चलो जीते हैं' देशभर में दिखाई जा रही है। इस फिल्म का प्रदर्शन आज गोरखपुर और वाराणसी सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी किया गया। वाराणसी के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बरेका के बच्चों और शिक्षकों ने इस फिल्म की सराहना की। विद्यालय की शिक्षिका रेनू यादव ने इस फिल्म को बच्चों के लिए प्रेरक बताया।

**बच्चों को चलो जीते हैं पिक्चर दिखाई गई और ये बहुत प्रेरणादायी पिक्चर थी। हमारे बच्चों ने इससे बहुत कुछ सीखा।**

**********

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल ने तकनीक के इस्तेमाल में सभी को एकसमान बना दिया है। राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित लेख में उन्होंने कहा कि अब, छोटे व्यापारियों से लेकर कॉर्पोरेट अधिकारियों तक सभी यूपीआई भुगतान प्रणाली का उपयोग करते हैं।

**********

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज जौनपुर दौरे पर पहुंचे। वहां उन्होंने मलिन बस्ती में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल और जौनपुर–मिर्जापुर रोड स्थित निर्माणाधीन जेल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिक महिलाओं व पुरुषों का स्वागत तथा सम्मान किया।

गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज हुई मध्यम से लेकर तेज वर्षा के कारण दिन का मौसम सुहावना रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में चौबीस सितम्बर तक कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

**********